राजपथ, अलीगढ़ 08.02.2013 (10)



# अब तक 300 छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी हैः सी.डी.मित्तल

अलीगढ़। अखिल भारतीय काँग्रेस कमैटी के राष्ट्रीय सचिव एवं आगरा खण्ड स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य श्री विवेक बंसल के प्रयासों से श्रीमती उर्मिला मित्तल मैमोरियल ट्रस्ट नई दिल्ली के अध्यक्ष और समाजसेवी उद्योगपति श्री सी0 डी0 मित्तल ने अध्ययनरत निर्धन छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये छात्रवृत्ति दी जा रही है। उसी क्रम में आज अयोध्या कुटी, मैरिस रोड़ अलीगढ़ पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग दो सौ छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृत की। इस अवसर पर श्री सी0डी0 मित्तल ने कहा कि वर्ष 2012–13 के सत्र के लिये अब तक 300 छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी है। अगले शिक्षण सत्र में इस छात्रवृत्ति का दायरा और बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुये श्री विवेक बंसल ने कहा कि आप लोगों को सुशिक्षित बनाने के लिये यह प्रयास मैंने किया है। आशा है कि आप लोग इस छात्रवृत्ति की धनराशि से अपनी शिक्षा को और बढ़िया बनाने में उपयोग करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में सर्व श्री हरी मोहन गोविल, श्रीमती विजय गोविल, उ0प्र0 युवक काँग्रेस चेयरमैन योगेश दीक्षित, प्रदीप शर्मा, नरेन्द्र देव वशिष्ठ, नौशाद कुरैशी, सी0पी0 गौतम, वेदान्त गौड़, गौरव गोदानी, अंकुर मित्तल, शाहिद खान, अखिलेश शर्मा, हिमांशु शर्मा, भरत शर्मा, ब्रजेश शर्मा, बबलू पाराशर आदि उपस्थित थे।